चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 69% जमीन का अधिग्रहण पूरा

राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ : प्रदेश सरकार बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेसवे और लिंक एक्सप्रेसवे का जाल बुन रही है। इस कड़ी में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से जोड़ने के प्रयासों को गति दी गई है। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के लिए अब तक 69 प्रतिशत जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज करने के लिए हाल ही में 120 करोड़ रुपये की धनराशि और जारी की गई है। भूमि क्रय की स्वीकृत लागत 228 करोड़ रुपये आंकी गई है और इस मद में पूर्व में ही 100 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है।

चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे, उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण की फोर लेन (छह लेन विस्तारणीय) ग्रीन फील्ड प्रवेश नियंत्रित परियोजना है। 15.20 किलोमीटर का यह लिंक एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को एनएच 135 से जोड़ेगा। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 13 गांवों की 166.55 हेक्टेयर जमीन का क्रय किया जाना है। इसमें 153.84 हेक्टेयर निजी जमीन के साथ ही 12.70 हेक्टेयर ग्राम सभा की भूमि शामिल है। फिलहाल 1253 किसानों से 115.06 हेक्टेयर जमीन क्रय की जा चुकी है, जो कि तय लक्ष्य का 69 प्रतिशत है। भूमि अधिग्रहण के बाद लिंक एक्सप्रेसवे के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

इन गांवों में किया जा रहा जमीन का अधिग्रहण

चित्रकूट जिले के गोंडा, भारतपुर भैंसौंधा, रामपुर माफी, भारतपुर तरांव, भरथौल, मछरिहा, रानीपुर खाकी, शिवरामपुर, सीतापुर माफी, खुटहा, रानीपुर भट्ट, चकला राजरानी व अहमदगंज।